झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग

कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010

झारखण्ड राज्य अन्तर्गत काराओं में वाहन चालक की भर्ती हेतु प्रतियोगिता परीक्षा–2018

आवश्यक सूचना संख्या–07

दिनांकः 24.01.2019

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या 03/2018 के आलोक में दिनांक 20.01.2019 को सम्पन्न झारखण्ड राज्य अन्तर्गत काराओं में वाहन चालक की भर्ती हेतु प्रतियोगिता परीक्षा–2018 के अधीन लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र कोड A, कोड B, कोड C, एवं कोड D से संबंधित सभी प्रश्नों की औपबंधिक उत्तर कुँजी आयोग के वेबसाईट www.jssc.nic.in पर प्रकाशित की जा चुकी है।

2. इस उत्तर कुंजी के विरूद्ध आपत्ति/सुझाव दर्ज करने के लिए एक लिंक आयोग के वेब साईट पर उपलब्ध कराया गया है। अपनी ऑन लाईन आपत्ति/सुझाव दर्ज करने के लिए अभ्यर्थी सर्वप्रथम आयोग के वेब साईट पर जायें तथा Tentative Answer Keys and Objection Link of JHDCE-2018 को Click करें। इसके बाद लॉगईन पेज आने पर अपना Application No. एवं Date of Birth दर्ज करें। तदुपरान्त Submit Representation/ Objection on the Answer Key मेन्यु खुलेगा। यदि कोई अभ्यर्थी किसी औपबंधिक उत्तर के विरूद्ध आपत्ति देना चाहें तो अगले अनुदेशों का पालन करते हुए अपनी आपत्ति/सुझाव दिनांक 25.01.2019 के अपराहन् 02:00 बजे से दिनांक 01.02.2019 के अपराहन् 05:00 बजे तक ऑन लाईन समर्पित कर सकते हैं तथा इससे सम्बन्धित साक्ष्य अपलोड कर सकते हैं।

3. आपत्ति/ आपत्तियाँ ऑन लाईन स्वीकार होंगी। अन्य किसी माध्यम यथा ई–मेल/डाक इत्यादि से की गई आपत्तियाँ मान्य नहीं हैं।

ह०/–
परीक्षा नियंत्रक।